## औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में नहीं है फायर सेफ्टी की व्यवस्था

# सनराइज एग्रो इंडस्ट्री परिसर में भीषण आग

# सुलगते सवालों के बीच टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर, मुकेश बागड़े

औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम ब्राह्मण पिपला स्थित सनराइज एग्रो इंडस्ट्री में शुक्रवार को लगी भीषण आग ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। फैक्ट्री परिसर के बाहर खुले में रखे अत्यधिक ज्वलनशील वेस्ट मटेरियल में अचानक लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आसमान में उठते काले धुएं के गुबार और ऊंची लपटों को देखकर पूरे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि, दमकल विभाग की तत्परता से आग को मुख्य उत्पादन क्षेत्र तक पहुंचने से रोक लिया गया, जिससे करोड़ों के नुकसान और जनहानि का एक बड़ा हादसा टल गया। लेकिन इस घटना ने पीछे कई गंभीर सवाल छोड़ दिए हैं।



### दमकलों की मुस्तैदी से बची जान, घंटों चली 'अग्निपरीक्षा

घटना की भयावहता को देखते हुए तत्काल सौंसर, लोधीखेड़ा, मोहगांव, और पिपला नारायणवार सहित औद्योगिक क्षेत्र की दमकल गाड़ियों दमकलों की मुस्तैदी से बची जान, घंटों चली 'अग्निपरीक्षा घटना की भयावहता को देखते हुए तत्काल सौंसर, लोधीखेड़ा, मोहगांव, और पिपला नारायणवारदमकलों की मुस्तैदी से बची जान, घंटों चली 'अग्निपरीक्षाः घटना की भयावहता को देखते हुए तत्काल सौंसर, लोधीखेड़ा, मोहगांव, और पिपला नारायणवार सहित औद्योगिक क्षेत्र की दमकल गाड़ियों को मोर्चे पर उतारा गया। दमकल कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा तो लिया है, लेकिन ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत का माहौल अब भी बरकरार है। सहित औद्योगिक क्षेत्र की दमकल गाड़ियों को मोर्चे पर उतारा गया।

### बड़ी लापरवाही, सुरक्षा उपकरण नदारद, राम भरोसे सुरक्षा!

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, जब कंपनी परिसर में आग ने शुरुआत में पैर पसारना शुरू किया, तब कंपनी के पास इससे निपटने के लिए न तो पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण थे और न ही पानी की समुचित व्यवस्था। आपातकालीन सुरक्षा सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त नजर आया।आखिर इतनी बड़ी लापरवाही किसके संरक्षण में चल रही थी? जब कंपनी के पास आग बुझाने के प्राथमिक संसाधन तक नहीं थे, तो प्रशासन ने इसे एनओसी कैसे दे दी? यह पूरी फैक्ट्री गांव से महज 200 मीटर की दूरी पर संचालित हो रही है। इतनी संवेदनशील जगह होने के बावजूद प्रबंधन ने भारी मात्रा में ज्वलनशील वेस्ट मटेरियल को खुले आसमान के नीचे छोड़ रखा था, जो किसी बड़े टाइम बम से कम नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुनाफे के9 चक्कर में प्रबंधन ग्रामीणों की जान-माल को दांव पर लगा रहा है।

### जांच के नाम पर खानापूर्ति, या होगी सख्त कार्रवाई?

प्रशासनिक तौर पर आग लगने का कारण शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है,और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लापरवाह प्रबंधन पर हो एफआईआर होनी चाहिए, सिर्फ नोटिस जारी करने के बजाय फैक्ट्री प्रबंधन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बोरगांव क्षेत्र की अनेक फायर सेफ्टी के इंतजाम नही है। श्रम विभाग के अधिकारियों एवं सोसर प्रशासन के द्वारा कंपनियों की जांच करते हुए फायर सेफ्टी की जांच करनी चाहिए, ताकि ब्राह्मण पीपला जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो,

## आग में जलने से बाल बाल बचे माँ और तीन बच्चे

**सिंगोड़ीः** सिंगोड़ी में भीषण आग से किसान का सब कुछ जलकर खाक हो गया, घर में तीन बच्चे मां की समझ से बाल बाल बचे। बच्चें वही दमकल विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने आई। सिंगोड़ी स्थित पेंच नदी के समीप दरगाह के पास शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे पेंच नदी के किनारे से फैली आग ने एक गरीब किसान का आशियाना और जिंदगी भर की कमाई जलकर खाक हो गई। इस हादसे में लाखों रुपये के नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की आग की लपटें दरगाह के उस कमरे तक पहुंच गईं, जहां पीड़ित किसान शेख मजहर रह रहा था वह सिंगोड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने गए हुए थे। घर के कमरे में उनके तीन मासूम बच्चे सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी पास के ही एक खेत में काम कर रही थीं। दूर से धुंआ और आग की लपटें उठती देख पत्नी ने बिना वक्त गंवाए घर की तरफ दौड़ लगाई। उन्होंने जान जोखिम में डालकर सो रहे तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। अगर थोड़ी सी भी देर होती तो एक बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### 3 घंटे बाद पहुंची दमकल, सब कुछ जलकर हुआ राख

इस हादसे ने आपातकालीन सेवाओं की पोल खोलकर रख दी है। आग लगते ही दोपहर 1:00 बजे से ही उपस्थित ग्रामीणों ने 112 नंबर सहित दमकल विभाग और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार फोन किए। लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि सूचना देने के तीन घंटे बाद भी कोई दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा।शाम करीब 4:00 बजे जब फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर आ जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था।



### लाखों का नुकसान, दाने-दाने को मोहताज हुआ परिवार

इस भीषण अग्निकांड में पीड़ित परिवार पूरी तरह सड़क पर आ गया है। घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान जल गया है। परिजनों ने बताया की घर में रखे डेढ़ लाख नगद सोने का एक हार और 40 क्विंटल गेहूं। वही कपड़े, बर्तन और दैनिक उपयोग का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित शेख मजहर सिंगोड़ी के मूल निवासी हैं। करीब छह महीने पहले सिंगोड़ी से रिच्छन नदी तक हुए सड़क निर्माण के दौरान उनका आधा मकान अतिक्रमण की चपेट में आ गया था, जिसके कारण वह बेघर हो गए थे। पेंच नदी के पास खेत होने की वजह से वे अस्थाई रूप से दरगाह के पास कमरा बनाकर रह रहे थे, लेकिन इस हादसे ने उनसे यह आसरा भी छीन लिया।

## मक्का किसानों के लिए गोदरेज एग्रोवेट के दो नए समाधान 'अशिटाका' और 'टकाई' लॉन्च

### 1000 से अधिक किसानों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गोदरेज एग्रोवेट ने मक्का फसल की बढ़ती खरपतवार और कीट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपने दो नए क्रॉप केयर सॉल्यूशंस 'अशिटाका' और 'टकाई' को लॉन्च किया। शहर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में 1000 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कंपनी ने इन उत्पादों को जापान की अग्रणी कृषि तकनीक कंपनी ISK जापान के सहयोग से विकसित किया है।

कंपनी के अनुसार, 'अशिटाका' मक्का फसल के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक प्रभावी खरपतवार नाशक है, जो घास और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नियंत्रित करता है। वहीं 'टकाई' एक अत्याधुनिक कीटनाशक है, जिसे मक्का में तेजी से फैल रहे 'फॉल आर्मीवॉर्म' कीट के नियंत्रण के लिए विकसित किया गया है। यह उत्पाद Cyclapryn™ तकनीक पर आधारित है और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है।

लॉन्च कार्यक्रम में कंपनी के सीईओ क्रॉप केयर बिजनेस एन.के. राजावेलु ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य किसानों को रिसर्च आधारित और भरोसेमंद समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में मक्का उत्पादन की बड़ी चुनौती खरपतवार और फॉल आर्मीवॉर्म जैसे कीट हैं, जिनसे उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक गिरावट आती है। ऐसे में अशिटाका और टकाई किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कंपनी ने व्यावसायिक लॉन्च से पहले पूरे क्षेत्र में 2500 से अधिक फील्ड डेमो आयोजित किए और किसानों से सीधे फीडबैक भी लिया। कार्यक्रम में ISK जापान के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने भारत-जापान कृषि तकनीक साझेदारी को भी मजबूत संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार, अशिटाका का उपयोग खरपतवार की 2 से 4 पत्ती अवस्था में प्रति एकड़ 50 मिली मात्रा में 400 मिली सर्फेक्टेंट के साथ करने की सलाह दी गई है। यह 50 मिली और 100 मिली पैक में उपलब्ध रहेगा। वहीं टकाई का उपयोग मक्का की वेजिटेटिव अवस्था में प्रति एकड़ 160 मिली मात्रा में किया जाएगा, जिससे फसल के संवेदनशील विकास चरण सुरक्षित रहेंगे।

गोदरेज एग्रोवेट के जीएम मार्केटिंग अनिल चौबे ने बताया कि कंपनी आने वाले समय में अतिरिक्त 2500 डेमो आयोजित करेगी, ताकि किसान इन उत्पादों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि 150 से अधिक चैनल पार्टनर्स और 3000 से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स के जरिए इन उत्पादों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

कंपनी का दावा है कि अशिटाका और टकाई मिलकर मक्का फसल के पूरे चक्र में खरपतवार और कीट दोनों समस्याओं का समाधान प्रदान करेंगे, जिससे किसानों को अधिक स्थिर, सुरक्षित और लाभकारी उत्पादन प्राप्त होगा।

# परासिया की राजनीति में भूचालः जासूसी, सरकारी भुगतान और सियासी गठजोड़ पर FIR

## नगरपालिका के पैसों से कराई गई निगरानी? कोर्ट के आदेश के बाद खुला चर्चित मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया की राजनीति में पिछले डेढ़ वर्ष से दबे स्वर में चल रही चर्चाओं ने अब कानूनी रूप ले लिया है। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। यह मामला केवल व्यक्तिगत विवाद तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसमें सरकारी संसाधनों और नगर पालिका के सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग की बात सामने आने से पूरे जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है।पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच अब वित्तीय लेन-देन, नियुक्ति प्रक्रिया और कथित जासूसी नेटवर्क तक पहुंच चुकी है।

### विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने उठाए सवाल

मामला सामने आने के बाद विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने नगरपालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि यदि सरकारी संस्थाओं का उपयोग राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और निजी हितों के लिए किया जाएगा तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जनता का विश्वास कमजोर होगा।कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों के कारण निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है।

### पूरा मामला क्या है?

सूत्रों के अनुसार यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब भाजपा संगठन से जुड़े एक स्थानीय नेता की गतिविधियों पर नजर रखने की बात सामने आई। आरोप है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और अंदरूनी गुटबाजी के चलते उनके करीबी ड्राइवर को नगर पालिका में कथित रूप से नौकरी दिलाई गई, ताकि वह अंदरूनी सूचनाएं उपलब्ध कराता रहे।सबसे गंभीर आरोप यह है कि उक्त व्यक्ति को वेतन या भुगतान नगर पालिका के खाते से किया गया। यानी निजी राजनीतिक हितों के लिए सरकारी संस्था और जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग किए जाने की बात जांच के दायरे में है।मामले से जुड़े दस्तावेज और भुगतान रिकॉर्ड अब पुलिस जांच का हिस्सा बन चुके हैं। नगर पालिका के वित्तीय लेन-देन, उपस्थिति रजिस्टर और भुगतान स्वीकृति फाइलों की भी जांच की जा रही है।

**भाजपा के पूर्व पदाधिकारी और नपा अध्यक्ष पर धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश का केस दर्ज, राजनीतिक गलियारों में तेज हलचल**

### न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज हुई FIR

जानकारी के मुताबिक शिकायत के बाद लंबे समय तक स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रकरण न्यायालय तक पहुंचा। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज किया गया। इस घटनाक्रम के बाद परासिया की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला आने वाले समय में स्थानीय निकाय राजनीति और पार्टी संगठन दोनों को प्रभावित कर सकता है।

### हाई कोर्ट जाने की तैयारी

सूत्रों के अनुसार अब कुछ नागरिक और सामाजिक संगठन इस मामले से जुड़े अन्य कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उच्च न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि नगरपालिका में लंबे समय से कई निर्णय पारदर्शिता के बिना लिए गए और जांच एजेंसियां अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सकीं।यदि मामला हाई कोर्ट पहुंचता है तो जांच का दायरा और बढ़ सकता है।

### जनता के बीच बना चर्चा का विषय

परासिया शहर में यह मामला आम चर्चा का विषय बन चुका है। चाय दुकानों से लेकर राजनीतिक बैठकों तक लोग इस घटनाक्रम पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। कई नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल राजनीतिक साजिश का मामला नहीं रहेगा, बल्कि जनता के पैसे के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण माना जाएगा।वहीं कुछ लोग इसे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का परिणाम भी बता रहे हैं। हालांकि अब सबकी निगाहें पुलिस जांच और न्यायालय की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### 'गुरु-चेले' की जोड़ी फिर विवादों में

परासिया की राजनीति में परमजीत सिंह विज और विनोद मालवीय की जोड़ी लंबे समय से प्रभावशाली मानी जाती रही है। स्थानीय स्तर पर दोनों को 'गुरु-चेले' की राजनीतिक जोड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। संगठनात्मक रणनीति से लेकर नगरपालिका की गतिविधियों तक दोनों की सक्रिय भूमिका की चर्चा अक्सर होती रही है।अब यही जोड़ी कानूनी जांच के घेरे में आ गई है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि यदि जांच निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ी तो कई और नाम सामने आ सकते हैं।

### नगरपालिका के रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित नियुक्ति किस प्रक्रिया के तहत हुई थी। क्या संबंधित व्यक्ति की भर्ती वैधानिक थी? क्या नगरपालिका परिषद की स्वीकृति ली गई थी? भुगतान किन मदों से हुआ? और भुगतान आदेश पर किन अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं?

### पहले भी विवादों में रहे नपा अध्यक्ष

नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय का नाम इससे पहले भी कई विवादों में सामने आता रहा है। राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर उनके खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। महिलाओं से जुड़े एक चर्चित मामले में जेल जाने के बाद वे जमानत पर बाहर आए थे। इसके अलावा नगरपालिका में वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक फैसलों को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं।राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि पार्टी स्तर पर भी उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी है। हालांकि इसके बावजूद स्थानीय राजनीति में उनका प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ।




## 400 की रसीद देकर किसानों से लूट रहे 600 रूपए, विधायक विजय चौरे ने की अवैध वसूली की राशि वापस

# सवरनी बैल बाजार में किसानों से हो रही खुली लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

एक तरफ क्षेत्र का अन्नदाता फसलों के दाम न मिलने से कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है, और दूसरी तरफ प्रशासन की शह पर बैठे भ्रष्ट बेल बाजार ठेकेदार भोले-भाले किसानों की जेब पर सरेआम डकैती डाल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम सवरनी के बैल बाजार में सामने आया है, जहाँ ठेकेदार द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए किसानों से जबरन अवैध वसूली और गुंडागर्दी की जा रही थी।

सूचना मिलते ही विधायक विजय चौरे ने अपनी टीम के साथ बैल बाजार पहुंचकर इस अंधेरगर्दी का भंडाफोड़ किया और मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाते हुए किसानों का पैसा वापस करवाया।बैल बाजार में मौजूद किसानों ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा बाजार का निर्धारित शुल्क मात्र 400 है। लेकिन ठेकेदार के कारिंदे अपनी दबंगई के दम पर जबरन किसानों से 600 वसूल रहे थे। मना करने पर किसानों के साथ अभद्रता और गुंडागर्दी की जाती है।



### गौवंश की तस्करी गौ हत्या रोकने कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन

कांग्रेस और विधायक विजय चोरे के द्वारा गोवंश की तस्करी एवं सवरर्णी के साथ ही मोहगाव हवेली में किसानों से हो रही अवैध लूट को लेकर मोर्चा खोले हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यदि जल्द ही गोवंश की तस्करी और अवैध वसूली पर पूरी तरह रोक नहीं लगी, तो पूरी सौसर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर एक बड़ा और उग्र आंदोलन करने की तैयारी कर रही है।

### प्रशासन जल्द करे बैल बाजार का ठेका निरस्त

विधायक विजय चौरे ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा यह केवल 200 की अतिरिक्त वसूली नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाता के खून-पसीने की कमाई पर डाका है। गुंडागर्दी का यह खेल प्रशासन के संरक्षण में फल-फूल रहा है। मैं गौ माता की रक्षा और अन्नदाता के न्याय की लड़ाई के लिए संकल्पित हूँ। यह मेरे लिए राजनीति का अखाड़ा नहीं, बल्कि गौ माता और मेरे किसान भाइयों के आत्मसम्मान का विषय है, जिसके लिए मैं अपनी अंतिम सांस तक संघर्ष करूँगा।चर्चा के दौरान विधायक विजय चौरे ने प्रशासन और ठेकेदार के नापाक गठजोड़ पर हमला बोलते हुए कहा कि मोहगांव हवेली सवरनी का बैल बाजार मुलताई के ठेकेदार के माध्यम से गोवंश की अवैध तस्करी का मुख्य केंद्र बन चुका है। मोहगांव हवेली में इस अवैध तस्करी और लूट के खिलाफ बकायदा आंदोलन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए थे। इसके बावजूद कुंभकर्णी नींद सो रहे प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं।

## वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन




छिंदवाड़ा। हमें प्रथ्वी पर सभी जीवो का सम्मान करना चाहिए ओर उनकी रक्षा करना चाहिए हमे प्रकृति की देखभाल करनी चाहिए और यह समझना चाहिए की जैव विविधता ही जीवन का आधार है।जब हम जैवविविधता को ध्यान में रखते है तो हम जीवन के संतुलन को बनाये रखने में मदद करते है। हम प्राकृतिक के साथ सामंजस्य बिठाकर सतत विकास करे तो हम हमारी जैव विविधता सुरक्षित रख पायेंगे । इन विषयों की जानकारी देने के लिए अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर स्वामी विवेकानंद डिग्री कालेज छिंदवाड़ा में संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो श्रीमती स्मृति हाबिल ,एन एस एस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े , प्रमुख वक्ता श्री श्यामल राव, कार्यक्रम अधिकारी श्री यशवंत प्रजापति एवं नितिन गडकरी की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर श्रीमती हाबिल ने कहा की जैवविविधता दिवस को इस वर्ष वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य कर अपने अपने क्षेत्रो में प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली जैव का संरक्षण करना है, भारत में प्रचुर मात्रा में पेढ़ो की प्रजाति पाई जाती है जो दिनो दिन विलुप्त होती जा रहा है यदि समय रहते इसका संरक्षण नही किया गया तो दुष्प्रभाव भी हमें झेलने पड़ेंगे। इस अवसर पर पर्यावरण विद श्यामल राव ने अपने उद्बोधन में प्रमुख वक्ता पर्यावरण विद श्यामल राव ने कहा की जीवन को बनाये रखने के लिये जैव विविधता आवश्यक है ओर इसके बिना हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र और जीवन शैली को खतरा हो सकता है इसलिए वर्तमान में जैव विविधता के संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आम जनों को जागरूक कर भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित करने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में एन एस एस स्वयंसेवक कु स्वर्णिम शर्मा,मोहित प्रजापति,चंचलेश वर्मा,कु अश्विनी धुर्वे , विपिन वर्मा ने विचार रखे इस विशेष योगदान दिया। नितिन गडकरी ने आभार जताया।

## स्विमिंग पूल बना बच्चों के आकर्षण का केंद्र




सौंसर। स्थानीय ओम सांई सेंट्रल पब्लिक स्कूल में दूसरी बार आयोजित समर कैंप का गुरुवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ समापन हो गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस समापन समारोह में बच्चों की अनूठी प्रतिभा और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की कमान प्रभारी श्रीमती वंदना बारापात्रे मैडम के हाथों में रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरा आयोजन संपन्न हुआ।इस वर्ष के समर कैंप का मुख्य आकर्षण स्कूल का नवनिर्मित आधुनिक स्विमिंग पूल रहा। भीषण गर्मी के इस मौसम में स्विमिंग पूल ने बच्चों को न केवल राहत दी, बल्कि फिटनेस का एक बेहतरीन जरिया भी प्रदान किया। प्रशिक्षित कोच की देखरेख में बच्चों ने पूरी सुरक्षा के साथ तैराकी की बारीकियां और गुर सीखे। कई बच्चों के लिए यह जीवन का पहला तैराकी अनुभव था, जिसे लेकर वे बेहद रोमांचित नजर आए। समारोह के दौरान सावनेर से आए मुख्य कोच आकाश सर ने बच्चों की विभिन्न गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती भावना तुपकर द्वारा किया गया।शाला के संचालक अनिल ठाकरे प्राचार्या श्रीमती जयश्री केलकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। श्री ठाकरे ने कहा कि इस दूसरी बार आयोजित कैंप में स्विमिंग जैसी आधुनिक गतिविधियों को शामिल करना बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी था।हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें।

## गंगा दशहरा पर चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर 26 मई 2026 को जिलेभर में आयोजित किए जाने वाले “जल गंगा संवर्धन अभियान” को लेकर कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पांढुर्णा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल संचालन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ पांढुर्णा श्री विनय प्रकाश ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पांढुर्णा श्री राजकुमार इवनाती, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौसर श्री मौसम पालेवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने बताया कि गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में जिलेभर में 26 मई को प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक एक साथ सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत नदियों, तालाबों, हैंडपंपों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, संरक्षण एवं पुनर्जीवन संबंधी कार्य किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए जनसहभागिता के माध्यम से इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और इसके प्रति आमजन में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है।

### ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक, दिलाई गई जल बचाने की शपथ

पांढुर्णा। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भीमखेड़ी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणजनों को ब्लॉक समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे द्वारा जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होने वाली जल संकट की समस्याओं से अवगत कराते हुए जल के संरक्षण एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक किया।

## अग्निवीर के 1 जून से 12 जून तक भोपाल में आयोजित होगी ऑनलाइन परीक्षा, एडमिट कार्ड 15 मई से होंगे उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

27 के लिए सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के अंतर्गत पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्टर करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथियों की घोषणा भारतीय सेना द्वारा कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) 01 जून 2026 से 12 जून 2026 तक भोपाल स्थित 2 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा प्रतिदिन 4 शिफ्ट में आयोजित होगी। इस बार से अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर लिया जाएगा। अभ्यर्थियों के डाउनलोड हेतु एडमिट कार्ड 15 मई 2026 से भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। भोपाल में बनाए गए दो परीक्षा केंद्र, दलालों से सावधान रहने की अपील सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) केंद्रों का विवरण निम्नानुसार है— 1.आईओएन डिजिटल जोन आईडीजेड प्रेस्टीज श्री जयराम एजुकेशन सोसिटी, कोकटा बाईपास, रायसेन रोड, भोपाल।

### सांसद ने 4 गंभीर मरीजों को दिलाई 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 4 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राषि मिलने से नागपुर के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर चारों मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इन्हें आर्थिक सहायता राषि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने छिंदवाड़ा निवासी कुमारी शिवानी पिता अंकित गौतम को 65 हजार, चौरई निवासी अभिलेश पिता छिदामीलाल साहू को 50 हजार, छिंदवाड़ा के ग्राम सतनूर निवासी श्रीमती ज्योति पति सोमाली इंगले को 50 हजार एवं सांवरी निवासी ईश्वर प्रसाद पिता रामप्रसाद पाठक को 65 हजार की आर्थिक सहायता अपनी स्वेच्छानुदान निधि से स्वीकृत की है। इस चारों मरीजों को इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा।

## शिक्षा के क्षेत्र में वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र का नाम हो रहा रोशन-विवेक पटेल

# नासा टूर के लिए चयनित मयंक एवं इसरो टूर से लौट कर आए 12 विद्यार्थियों को विधायक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

संदीपनी शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के नासा टूर के लिए चयनित छात्र मयंक मात्रे और इसरो एजुकेशन टूर से वापस लौटे वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के 13 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने जनसंपर्क कार्यालय में सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुदेश गुड्डू सोनी, पूर्व सरपंच राजा अली, युवा विधानसभा अध्यक्ष सोनू पटले, सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले, लखन रिनायत, श्याम वड़ीचार, प्रवीण राणा, कमल टेंभरे, राजेश सोनेकर, श्रीमती वंदना शर्मा, सपना रूसिया, वर्षा तिवारी मौजूद रहे।



विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन की विज्ञान मंथन यात्रा के तहत सांदीपनी शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी की कक्षा 10 वीं, 11 वीं एवं 12 वीं के कुल 11 छात्र-छात्राएँ चयनित हुए थे। जिनमें कक्षा 10 वीं से कुमारी रानी पंचेश्वर, कुमारी माही पटले, कुमारी गरिमा सिंह कोहरे, हर्ष नेमा, पीयूष बाहेश्वर, उज्जवल बारमाटे, कक्षा 11 वीं से कुमारी हेमा उइके, कुमारी रीना वाडिवा, कुमारी टीना मर्सकोले, कक्षा 12 वीं से कुमारी अश्मि बिसेन, प्रियांशु चौधरी शामिल है। इन सभी विद्यार्थियों ने 20 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक अनुसंधान केंद्र इसरो के विभिन्न नगरों में स्थित केन्द्रों का भ्रमण किया था। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने इसरो के इतिहास के साथ ही विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी भी हासिल की थी।

इसरो टूर से वापस लौआी अस्मि बिसेन ने बताया कि हम सबसे पहले भोपाल गए थे। रात्रि में होटल में रहने के बाद दूसरे दिन बेंगलुरु गए। वहां प्रदेश के अलग-अलग जिलों के छात्र-छात्राएं पहुंचे थे। जहॉं हमें नई-नई मशीन, वाहनों के पुराने पाट्र्स सहित बहुत कुछ दिखाया गया। हमने आज तक अपनी जिंदगी में ऐसे वाहन और पाट्र्स नहीं देखे थे। वहां हमने नए-नए लोगों से मुलाकात भी की, हमें बहुत कुछ सीखने को मिला।

नासा टूर के लिए चयनित छात्र मयंक मात्रे ने बताया कि इंटरनेशनल स्पेस साइंस 2026 में ऑल इंडिया में प्रथम रैंक हासिल किया है। मुझे नासा जाने का मौका मिल रहा है। नासा में जाकर वहॉं का भ्रमण करने पर मुझे कुछ नया सीखने मिलेगा। यह टूर लगभग 10 से 11 दिनों का रहेगा। जिसमें नासा स्पेस, केनिडी स्पेस सेंटर, थीम पार्क का निःशुल्क भ्रमण करवाया जाएगा।

## पांढरवानी पंचायत में वित्तीय अनियमितता की जांच के आदेश, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पांढरवानी में 'पांचवें वित्त आयोग' के कार्यों में बड़ी गड़बड़ी और नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। पांढरवानी के उपसरपंच राकेश अग्रवाल द्वारा की गई लिखित शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने संज्ञान में लेते हुए जाँच के आदेश दिए हैं। उन्होंने महुआ तालाब में कराए गए कार्यों में वित्तीय अनियमितता तथा टेक्निकल सेंक्शन में उल्लेखित नियमों के विपरीत कार्य करने के आरोपों की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जनपद पंचायत लालबर्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे इस पूरे मामले की बिंदुवार तथ्यात्मक जांच करें। जिला पंचायत सीईओ ने आदेश देते हुए कहा है कि शिकायत पत्र में उल्लेखित तथ्यों की गहनता से जांच कर, आगामी 7 दिनों के भीतर अपने स्पष्ट अभिमत के साथ जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से जिला कार्यालय को सौंपना सुनिश्चित करें। उपसरपंच द्वारा शिकायत में गड़बड़ी करने वाले दोषी सरपंच एवं सचिव को जांच कर पद से पृथक करने की भी



मांग की गई है। इस जांच आदेश की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर और शिकायतकर्ता को भी सूचनार्थ भेजी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर बड़ी कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

## भर्ती मरीजों से अच्छा व्यवहार करे चिकित्सक, अन्यथा होगी कठोर कार्यवाही-विवेक पटेल

# 25 करोड़ रुपयों की लागत से बन रही निर्माणाधीन बिल्डिंग का विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** 25 करोड़ रुपयों की लागत से बन रहे 100 बिस्तरीय चिकित्सालय भवन का विधायक विवेक विक्की पटेल ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबधित ठेकेदार को निर्धारित समय के पहले भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस भवन का निर्माण ग्वालियर की मेसर्स पलिया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है।



इस दौरान सीएमएचओ डॉक्टर परवेश उपलव, वारासिवनी बीएमओ सत्यम शर्मा, खैरलांजी बीएमओ खिलेंद्र पाल, सहायक यंत्री कमलेश मंडरा, डॉ. कमलेश झोड़े, सब इंजीनियर अंजू बिसेन, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, विधायक प्रतिनिधि सुदेश गुड्डू सोनी, जनपद सदस्य जगदीश बंसोड, सरपंच संदीप बाघमारे, रजनीश नकासे, बुद्धेश बिसेन, विकास करपगये मौजूद रहे।

निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ओपीडी पहुंचे और रोजाना भर्ती मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना और मरीजों को रही परेशानियों का समाधान करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे भर्ती मरीजों के प्रति अपना व्यवहार ठीक रखे। हमेशा मुझे सोशल मीडिया से शिकायत मिलती रहती है, अन्यथा वे कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने सीएमएचओ डॉक्टर परवेश उपलव को निर्देशित किया कि मुझे लगातार शराब पीकर ड्यूटी करने की शिकायत मिल रही है। जिससे हॉस्पिटल का माहौल खराब हो रहा है, मरीज परेशान हो रहे है, मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। ऐसे शराब पीने वाले डॉक्टर को तत्काल सस्पेंड करने के निर्देश दिए है।

इसके बाद विधायक श्री पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली और खैरलॉजी भी पहुँचे। रामपायली में मौजूद नर्स ने विधायक से कहा कि रात्रि के समय भर्ती मरीजों के साथ वाले परिजन शराब के नशे में स्टाफ से अभद्र व्यवहार करते है। हमारे द्वारा उच्च अधिकारियों को इस विषय में कई बार अवगत कराया गया है, मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। जल्द से जल्द रात्रि में एक गार्ड की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे हमें ड्यूटी करने में परेशानी ना हो।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके ठेकेदार को समय के पूर्व निर्माण कार्य करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2027 तक यह भवन बनकर पूरा तैयार हो जाएगा। हमने चिकित्सकों से कहा है कि भर्ती मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करे। मुझे शिकायत का मौका आने ना दें। अन्यथा मैं कार्यवाही करने में पीछे नहीं हटूंगा। रात्रि के समय ड्यूटी में चिकित्सक नहीं रहने की शिकायत मिली थी। वारासिवनी, रामपायली, खैरलांजी में डाक्टरों की कमी है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से चर्चा कर क्षेत्र के हॉस्पिटल में डॉक्टर लाने का प्रयास करेंगे।

### बुदबुदा में ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदबुदा के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन ग्राम बुदबुदा के भवानी इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स वर्कशॉप में किया गया। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर तथा आई टी एवं आईटीईएस ट्रेड के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी, मोटर एवं हार्डवेयर कार्य, इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग तथा तकनीकी उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जहां विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ।

## आयुष्मान योजना की जानकारी आयुष्मान एप्स के साथसाथ ब्हास्टएप्स चैट पर भी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

नगर में चल रहे आयुष्मान जागरूकता अभियान के तहत आयोजक राकेशवर्मा ताम्रकार द्वारा नागरिकों को आयुष्मान योजना की समस्त जानकारी विभाग के आयुष्मान एप्स के माध्यम से देखने की जानकारी साक्षा गई। उन्होंने बताया कि आयुष्मान एप्स पर योजना में अपनी पात्रता जानने, ई-कार्ड डाउनलोड करने, वॉलेट बैलेंस की जानकारी, मेडीकल उपचार की हिस्ट्री, पुनः केवायसी अपडेट, योजना से इम्पेनल्ड सम्पूर्ण भारत के अस्पतालों की सूची, शिकायत दर्ज करने आदि की सुविधा उपलब्ध करवायी गई है। आयुष्मान एप्स का सीधे प्ले स्टोर से अथवा क्यूआर से डाउनलोड किया जा सकता है। ब्हास्टएप्स के चैट के द्वारा आयुष्मान योजना से संबंधित सवालों के जबाव आसानी से प्राप्त की जा सकते है। बेनिफिसयरी आईडी से कोई भी आम नागरिक लॉगिन करके 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बना सकते है साथ पहले से बने हुये कार्ड डाउनलोड भी कर सकते है। बालाघाट नगर के आयुष्मान भारत योजना के अधिकृत प्रायवेट अस्पतालों की सूची प्राप्त करने एवं पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र से संपर्क किया जा सकते है। विभागीय एप्स, पोर्टल, ब्हास्टएप्स चैट, हेल्पलाईन नंबरों की जानकारी होने से लोगों को योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ लेने में आसानी हो रही है। एप्स अथवा ब्हास्टएप्स चैट के क्यूआर को मोबाईल के गूगल क्रोम अथवा क्यूआर स्केनर से स्केन करने प्राप्त किया जा सकता है।

### ट्रांसफार्मर आयल चोरी कांड 2 आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोपली में गत माह 24 अप्रैल की रात्रि घटी ट्रांसफार्मर आयल चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी अनुराग पिता ओमकार ब्रम्हे, उम्र 23 वर्ष, शशांक पिता राधेश्याम मेश्राम, उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी बोरी मोहगांव थाना लालबर्रा को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) और 62 के तहत कार्रवाई की। शुक्रवार 22 मई की आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बता दें 24 अप्रैल की रात बोपली गांव में स्थित यादव ट्रांसफार्मर को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। ग्रामीणों के द्वारा इन चोरों को ऐसा करते हुए देखा गया था। हालांकि चोर ग्रामीणों से बचकर भागने में सफल हो गए थे। अज्ञात चोर लग्ज़री कार में आए और योजनाबद्ध तरीके से ट्रांसफार्मर से आयल निकाल रहे थे। सहायक अभियंता ने 25 अप्रैल को कटंगी थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।

# छपारा बस स्टैंड में यात्रियों की बढ़ी परेशानी सिर छुपाने तक की नहीं बची जगह

## यात्री प्रतीक्षालय के सामने लस्सी वाले का अतिक्रमण, नए बस स्टैंड की उठ रही मांग

**छपारा। वर्तमान समय की भीषण गर्मी में नगर के बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्था के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में बस का इंतजार करने वाले मुसाफिरों के लिए सिर छुपाने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं बची है। स्थिति यह है कि यात्री प्रतीक्षालय के सामने ही कथित रूप से अतिक्रमण कर लस्सी की दुकान संचालित की जा रही है, जिससे यात्रियों को बैठने और आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।**





स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग तीस से पैंतीस वर्ष पूर्व बस स्टैंड का उक्त स्थान पर स्थानांतरण किया गया था उस समय छपारा ग्रामीण परिवेश लिया हुआ था उस समय समिति बसों का संचालन होता था किंतु वर्तमान स्थिति में हर आधे घंटे में यात्री बसों का आवागमन होता है, वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में जगह की कमी के कारण यात्रियों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी होती है। बसों और अन्य वाहनों के खड़े होने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यातायात के लिए अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। साथ ही इस भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को बस स्टैंड में छाया नहीं मिल रही है, जिसके चलते कई लोग आसपास की दुकानों की छतों और शेड के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। वहीं बस स्टैंड के आसपास न तो पर्याप्त शौचालय सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, जिससे यात्रियों की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ रही हैं। इन सभी समस्याओं को देखते हुए अब स्थानीय नागरिकों द्वारा बस स्टैंड को तहसील कार्यालय के समीप स्थित सिंचाई कॉलोनी की भूमि पर स्थानांतरित करने की मांग उठने लगी है। लोगों का मानना है कि वहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस स्टैंड विकसित किया जा सकता है। जिससे यातायात में सुगमता आयेगी।
स्थानीय जागरूक नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बस स्टैंड की समस्याओं पर ध्यान देते हुए यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### डाकघर आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट सेवा केंद्र में विशेष अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यालय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि बालाघाट संभाग के डाकघरों के आधार केंद्रों में नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट, आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक आदि कार्यों हेतु दिनांक 25 मई 2026 एवं 26 मई 2026 को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए दिनांक 22 मई 2026 एवं 23 मई 2026 को टोकन वितरण किए जाएंगे। विशेष अभियान के अंतर्गत सभी आधार सेंटर प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक कार्य करेंगे। बालाघाट संभाग अंतर्गत सिवनी जिले के सिवनी प्रधान डाकघर, छपारा, बरघाट, घंसौर एवं लखनादौन उपडाकघरों में आधार पंजीयन एवं अपडेट अभियान संचालित किया जाएगा। नागरिक अपने निकटतम डाकघर आधार केंद्र में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग, के दूरभाष पर 07632-247574 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिला सिवनी के श्रद्धालुओं के लिए कामाख्या तीर्थ यात्रा दिनांक 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार जिले के सभी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। योजना अंतर्गत सिवनी जिले के लिए 196 यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इच्छुक पात्र नागरिकों से आवेदन पत्र दिनांक 27 जून 2026 तक संबंधित जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। यात्रा हेतु आवेदन प्राप्त करने के बाद संबंधित कार्यालयों द्वारा विगत 05 वर्षों में यात्रा कर चुके यात्रियों का मिलान किया जाएगा तथा पात्र एवं अपात्र आवेदनों की जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची पोर्टल में दर्ज की जाएगी। चयनित यात्रियों की सूची संचालक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एवं आईआरसीटीसी को दिनांक 04 जुलाई 2026 तक उपलब्ध कराई जाएगी।

### मनुष्य को सदाचार, भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है श्रीमद्भागवत कथा-पं. दिनेश मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रीकृष्ण का जन्म धर्म की रक्षा करने के लिए हुआ है और श्रीकृष्ण ने यह दिखाया है कि धैर्य के बिना धर्म की रक्षा नहीं हो सकती है। श्रीकृष्ण हमें यह सिखाते हैं कि हर कार्य नीति के अनुसार करना चाहिए। उक्ताशय की बात गांव गोरखपुर (खामी बरघाट) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक पं. दिनेश मिश्रा ने श्रद्धालुजनों से कहीं उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म धर्म की रक्षा करने के लिए हुआ है और श्रीकृष्ण ने यह दिखाया है कि धैर्य के बिना धर्म की रक्षा नहीं हो सकती है। श्रीकृष्ण हमें यह सिखाते हैं कि हर कार्य नीति के अनुसार करना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भगवान अपने भक्तों को शक्ति प्रदान करते समय यह नहीं देखते कि वह किसी जाति, पंथ, संप्रदाय, गरीब या अमीर वर्ग से है। भगवान केवल सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं। कथा आयोजक गजानंद रहांगडाले ने बताया कि कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंच रहे हैं।

### खेल, उत्साह और पारिवारिक सहभागिता से सराबोर रहा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे की उपस्थिति में आरोह 2026 समर कैंप अभियान के अंतर्गत फैमिली फिटनेस डे का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके परिवारों को भी खेल गतिविधियों से जोडना रहा।
इस अवसर पर जिले के विभिन्न खेल केंद्रों में खिलाड़ियों के अभिभावकों एवं परिवारजनों ने बढ़-चढकर सहभागिता की। हॉकी स्टेडियम सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने कहा कि खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में परिवार का सहयोग और प्रोत्साहन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# संभागायुक्त धनंजय सिंह की अध्यक्षता में पेंच टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## पेंच टाइगर रिज़र्व में पर्यटन प्रबंधन और पर्यटन व्यवस्थाओं का किया गया अनुश्रवण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संभागायुक्त धनंजय सिंह की अध्यक्षता में पेंच टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक खवासा में आयोजित की गई।



बैठक में समिति के सदस्य गण विधायक विधानसभा क्षेत्र बरघाट, विधायक विधानसभा क्षेत्र चौरई, कलेक्टर सिवनी,कलेक्टर छिंदवाड़ा, वन मण्डलाधिकारी सिवनी/छिंदवाड़ा तथा क्षेत्र संचालक एवं सदस्य सचिव श्री देवा प्रसाद वा अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।
बैठक में क्षेत्र संचालक द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी भौगोलिक स्थिति कार्यक्षेत्र एवं संरचना जानकारी दी गई। वन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी राजपत्र दिनाँक 27 अगस्त 2021 में उल्लिखित महत्पूर्ण बिंदुओं/प्रावधानों को क्षेत्र संचालक द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि टाइगर रिजर्व के बफर जोन की 5 झ्द्ध की सीमाओं के भीतर स्थित ग्रामों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के छात्रों की अध्ययन यात्राएं अथवा इको विकास समितियों के सदस्यों की प्राधिकृत अध्ययन यात्राओं को निशुल्क कराया जाता है। ताकि छात्र पर्यावरण एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक हो सकें।
इसी प्रकार विभिन्न राज्यों के वन विभागों के प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के छात्रों, प्रशिक्षुओं, अनुदेशकों और सहायक कर्माचारियों की भी प्राधिकृत अध्ययन यात्राएं कराई जाती हैं। इस राजपत्र अनुसार संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी/पार्क प्रबंधन द्वारा संरक्षित क्षेत्र के भीतर पयर्टन के प्रयोजनों हेतु वाहनों के पंजीकरण, पर्यटन वाहन क्षमता, क्षेत्र में पर्यटकों के भ्रमण के रुझान, नवीन पर्यटन जोन की उपलब्धता के आधार पर एवं स्टेकहोल्डरों से चर्चा पश्चात पंजीकृत वाहनों की संख्याँ, पंजीकृत पर्यटक वाहनों की रोस्टर पद्धति आदि विनिश्चित किए जाने का प्रावधान है। इसके अनुक्रम में वर्तमान में कुल 342 पर्यटक वाहन पंजीकृत हैं। क्षेत्र संचालक द्वारा बताया गया कि पर्यटन वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व सभी पंजीकृत वाहनों के फिटनेस एवं वाहन तथा वाहन चालक हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ताकारी मानक के आधार पर परीक्षण कराए जाने का प्रावधान है।

# चोरी के दो मामलो में एक आरोपी को हुई 3 वर्ष की सजा

जिला सिवनी के थाना लखनादौन का यह मामला दिनांक 17.02.2025 को फरियादी हितेश यादव द्वारा आरक्षी केन्द्र लखनादौन में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह दिनांक 01.04.2024 से सिविल कोर्ट लखनादौन की कोर्ट में कार्यरत था। पीठासीन अधिकारी के दिनांक 14.07.2024 को अवकाश पर जाने पर शासकीय क्वार्टर की देखरेख उसके द्वारा की जाती थी। उसे करीब 15 दिन पीठासीन अधिकारी द्वारा क्वार्टर की चाबी दी गई थी। वह समय-समय पर निवास स्थान पर जाकर देखरेख करता था। उसने दिनांक 15.02.2025 के सुबह करीब 10:00 बजे पीठासीन अधिकारी के निवास स्थान नगर परिषद के पीछे लखनादौन में शासकीय क्वार्टर के कमरे का ताला खोलकर देखा तो किचन में एच.पी. गैस की एक टंकी भरी हुई एवं इंडियन गैस की एक खाली टंकी किचन में नहीं थी और पीछे के किचन के दरवाजे का ताला टुटा हुआ था।
दिनांक 14-02-2025 की दरम्यानी रात से दिनांक 15-02-2025 के सुबह 10 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किचन में रखी दो गैस की टंकी कीमत करीबन 5000 रूपये की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। घटना के संबंध में थाना लखनादौन में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत धारा 331(4),305 क्वहूस लेखबद्ध कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाने में अपराध क्रमांक-89/2025 कायम कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरान्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों के आधार पर अभियुक्त के द्वारा अपराध कारित किया पाये जाने पर अभियोगपत्र संबंधित माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिल माहौर लखनादौन द्वारा पैरवी कर तर्क प्रस्तुत किये गये। तर्कों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय अपूर्वा ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लखनादौन द्वारा प्रकरण क्रं. 812/2025 धारा 331 (4),305 क्वहूस में अभियुक्त प्रीतम पिता सीताराम जोगी उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 लखनादौन जिला सिवनी को प्रत्येक धारा में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंण्डित किया गया।
इसी प्रकार उक्त आरोपी को थाना लखनादौन के अपराध क्र 509/2025 धारा 331(4), 305 क्वहूस जिसमें प्रार्थी दीपक कुमार अग्रवाल ने वार्ड क्र. 04 ब्लॉक कालोनी लखनादौन नगर परिषद के पीछे अपने घर से तीन जोडी चांदी की पायल, 5000 रूपये नगदी, दो गैस सिलेंडर, पीतल की टंकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया है के प्रकरण क्र. 813/2025 में भी शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिल माहौरे लखनादौन द्वारा पैरवी कर तर्क प्रस्तुत किये गये। सहमत होते हुए माननीय न्यायालय अपूर्वा ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लखनादौन द्वारा धारा 331(4),305 क्वहूस में अभियुक्त प्रीतम पिता सीताराम जोगी उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 लखनादौन जिला सिवनी को प्रत्येक धारा में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंण्डित किया गया।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई की बैठक मे ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

**केवलारी** -दिनांक 21 मई को संध्या काल मे स्थानीय होटल मे राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई केवलारी की बैठक शरद दुबे जिलाध्यक्ष, संजय अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों कीगरिमामय उपास्तिथी मे आयोजित बैठक मे 15 पत्रकारों ने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता से त्यागपत्र देकर राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की सदस्यता ग्रहण किया है । आयोजित बैठक मे ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र पटले, उपाध्यक्ष श्रीमति जमुना अहिवार, प्रीतम पाल, सचिव धरमचंद जैन, संगठन मंत्री पवन बघेल, मीडिया प्रभारी राजदीप रांहगडाले कोषाध्यक्ष- प्रवीण दुबे एवं जिला कार्यकारणी समिति में राजू मेहरा, नीलेश अवधिया, अशोक बंदेवार वरिष्ट पत्रकारो को शामिल किया गया।





# छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**सिवनी।** जिले के खजरी गांव से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक शख्स ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी ने उसकी गर्दन, पेट, हाथ और कमर पर 55 के बाद से आरोपी जेठ फरार है। 10 मई को ही हुआ था विवाह घंसौर पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान 23 वर्षीय सरिता मरकाम के रूप में हुई है। उसका विवाह महज 13 दिन पहले 10 मई को खजरी गांव के बबलू मरकाम से हुआ था। अभी उसकी मेहंदी का रंग छूटा भी नहीं था। घर में शादी की खुशियों का माहौल था, लेकिन शुक्रवार सुबह घर के भीतर ही इस खूनी खेल ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया।बंद दरवाजे के पीछे घिनौनी करतूत पति बबलू मरकाम ने पुलिस को बताया मेरे बड़े भाई ने घर का दरवाजा बंद



कर मेरी पत्नी के साथ रेप करने की कोशिश की। पत्नी विरोध किया तो वह गुस्से में अंधा हो गया। उसने कुल्हाड़ी उठाई और ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया।
पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम अब्बू लाल मरकाम (35 वर्ष) है। वह सनकी और आपराधिक प्रवृत्ति का है। एक मामले में जेल भी जा चुका है। चश्मदीद भानजी ने कहा- मामी को बचाने मैं हंसिया लेकर दौड़ी मृतका की भानजी पिंकी इस वारदात की चश्मदीद गवाह है। उसने बताया- बड़े मामा छोटी मामी के साथ जबरदस्ती कर रहे थे। अचानक उन्होंने कुल्हाड़ी उठाई और मामी के गले और हाथ पर वार करना शुरू कर दिया।
मामी को खून से लथपथ देख मैं उन्हें बचाने के लिए घर के भीतर से हंसिया लेकर बाहर दौड़ी और चिल्लाकर सबको बुलाया। मेरी आवाज सुनकर बड़े नाना दौडक़र आए और उन्होंने मामी को छुड़ाया। फिर छोटे मामा (बबलू) को बुलाया, लेकिन तब तक मामी पर हमला कर बड़े मामा मौके से भाग चुके थे। मौके पर पहुंची पुलिस, फरार आरोपी की तलाश तेज हत्याकांड की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल को पूरी तरह सील कर वहां का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस आरोपी के मानसिक बीमारी के दावे सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार जंगलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# शहंशाह-ए-सिवनी के 50वें सालाना उर्स का अज़ीमोशान आगाज़, दरबार-ए-वली पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

## दरूदखानी और मीलाद शरीफ के साथ शुरू हुई रूहानी महफिलें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि शहर की मशहूर और मरकज़ी दरगाह हजरत मियां मोहम्मद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह (बड़ी ज्यारत) के 50वें सालाना उर्स मुबारक का आगाज़ पूरे अदब, एहतराम और शानो-शौकत के साथ हो गया है। उर्स की शुरुआत 21 मई को दरूदखानी और मीलाद शरीफ के आयोजन से हुई, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर बुजुर्ग-ए-दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दरगाह परिसर में रूहानी माहौल, तिलावत-ए-कुरआन और नात-ओ-मनकबत की सदाओं से फिजाएं मुश्कबार हो उठीं। वहीं 23 मई की फजर की नमाज के बाद दरबार पर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। यह रस्म उर्स की सबसे अहम और मुबारक रस्मों में शुमार की जाती है, जिसका इंतजार दूर-दराज से आने वाले जायरीन पूरे साल करते हैं।

**23 मई को होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला**
उर्स के अवसर पर 23 मई की रात्रि 9 बजे से भव्य कव्वाली महफिल सजाई जाएगी। इस महफिल में कव्वाली जगत के नामचीन और मकबूल फनकार आमिल आरिफ साबरी एवं असद निशाद साबिरी अपने बेहतरीन कलाम और सूफियाना अंदाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करेंगे। देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा चुके ये दोनों कव्वाल दरगाह की फिजाओं को इश्क, मोहब्बत और सूफियत के रंगों से सराबोर करेंगे। कव्वाली प्रेमियों में इस महफिल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**सैकड़ों संदलों की होगी आमद, दरबार में पेश होगी अकीदत**- बड़ी ज्यारत के उर्स की एक विशेष परंपरा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले संदल जुलूस हैं। 22 मई से संदलों की आमद का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा, जो लगातार 23 मई की रात्रि तक जारी रहेगा। सैकड़ों संदल दरबार में पहुंचकर बाबा के आस्ताने पर हाजिरी पेश करेंगे। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह सूफियाना रंग में रंगा नजर आएगा तथा हर ओर अकीदत और मोहब्बत की झलक दिखाई देगी।
आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगाया दरबार उर्स के स्वर्णिम 50वें वर्ष को यादगार बनाने के लिए बड़ी ज्यारत दरबार को विशेष साज-सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। आकर्षक विद्युत सज्जा, खूबसूरत फूलों की सजावट और मनमोहक प्रकाश व्यवस्था दरबार की रौनक में चार चांद लगा रही है। शाम ढलते ही दरबार का नजारा देखते ही बनता है और जायरीन इस खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद करते नजर आते हैं।

# लखनादौन में अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**लखनादौन।** 22 मई अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन विद्यालय लखनादौन में वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तरविषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश राय मुनमुन उपस्थित रहे।
मुख्य अतिथि दिनेश राय मुनमुन ने अपने उद्बोधन में जैव विविधता के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि प्रधान फसलों के बढ़ते प्रभाव के कारण जंगलों में पाई जाने वाली अनेक जड़ी-बूटियां धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। उन्होंने अधिक मात्रा में कीटनाशकों के उपयोग को मानव जीवन एवं पर्यावरण के लिए घातक बताया। साथ ही गौरैया जैसी पक्षियों का शहरों से पलायन पर्यावरणीय असंतुलन का गंभीर संकेत बताया। उन्होंने जंगलों में लगने वाली आग को भी अत्यंत भयावह बताते हुए कहा कि इससे नन्हे पौधे, छोटे कीट-पतंगे एवं वन्य जीवों का प्राकृतिक जीवन चक्र प्रभावित होता है, जो जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके ने कहा कि जैव विविधता केवल वन्य जीवों और पेड़-पौधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन, जल, जंगल, जमीन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी समझनी होगी।
उन्होंने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने, जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने तथा जंगलों में आग लगने जैसी घटनाओं को रोकने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास ईमानदारी से किए जाएं, तो उनका सकारात्मक प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाई देता है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षु एसडीओ फॉरेस्ट राहुल शर्मा ने किया। संगोष्ठी में कृषि विभाग से बी.आर. अटया, एम.सी. सनोडिया प्राध्यापक, सेवामुक्त फॉरेस्ट एसडीओ के एल कावरे, एस डी ओ वन उत्पादन हेमराज वट,सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस ने किया दो अलग-अलग चोरियों का पर्दाफाश

# चार आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल, नगदी व चांदी के जेवरात बरामद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशानुसार जिले में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए 03 आरोपी एवं 01 विधिविरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया है। दिनांक 13.04.2026 की रात्रि करीब 1 बजे एफसीआई रोड गली नंबर-3 स्थित ओमप्रकाश अग्रवाल के मकान का ताला तोडक़र अलमारी से नगदी 4000/- रुपये, चांदी के सिक्के एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 288/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
दिनांक 09.05.2026 की रात्रि द्वारका नगर गली नंबर-4 निवासी सुनील सनोडिया के घर में चोरी की वारदात हुई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 363/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू की गई। एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर संदेहियों को थाने लाकर सघन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उईके, सउनि संतोष बेन, प्रआर नवीन तिवारी, आर. मिथिलेश, आर. राजेन्द्र राजपूत, आर. अंकित देशमुख, आर. प्रतीक, आर. सतीश इनवाती, आर. सिद्धार्थ दुबे की विशेष भूमिका रही।

# एसपी ने ली पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी

## उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिसकर्मी पुरस्कृत, पुलिस कैंटीन व दिशा लर्निंग सेंटर का किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी की उपस्थिति में आज दिनांक 22.05.2026 को पुलिस लाइन सिवनी में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को परेड की सलामी दी गई। एसपी महोदय द्वारा परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल का टर्नआउट चेक किया गया। तत्पश्चात जवानों द्वारा सशस्त्र ड्रिल मार्च किया गया, जिसमें अनुशासन व एकरूपता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। एसपी सिवनी द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



परेड में थाना प्रभारी लखनवाड़ा निरीक्षक चंद्र किशोर सिरामे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, थाना प्रभारी डूंडा सिवनी निरीक्षक श्री चैन सिंह उईके, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विजय बघेल, सूबेदार गौरव सिंह मर्सकोले, सूबेदार जितेंद्र रावतकर सहित कुल 124 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु संचालित पुलिस कैंटीन एवं बच्चों के लिए चल रहे दिशा लर्निंग सेंटर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ ही पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं जैसे एमटी शाखा, स्टोर, क्वार्टर गार्ड, जीडी शाखा आदि का भ्रमण कर वहां कार्यरत पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया एवं पुलिस लाइन ऑफिस स्टाफ से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली। एसपी सिवनी ने पुलिसकर्मियों को फिटनेस, अनुशासन एवं जनता से मृदु व्यवहार रखने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस वेलफेयर संबंधी योजनाओं का लाभ सभी जवानों तक पहुंचाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

## मूक मवेशियों की तस्करी का पर्दाफाश, 3 आरोपियों पर मामला दर्ज

# लोहमारा सरपंच ने जारी किया फर्जी प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज कटंगी।






कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सेलवा में गुरुवार की देर रात ग्रामीणों ने मूक मवेशियों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना ने ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहे फर्जीवाड़े को भी उजागर किया गया है। गुरुवार रात लगभग साढ़े 11 बजे ग्राम सेलवा के ग्रामीणों ने कृष्ण मंदिर के पास तीन व्यक्तियों को मवेशियों को पैदल हांकते हुए देखा। ग्रामीणों को शक हुआ कि ये लोग मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। तुरंत ही ग्रामीणों ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अलग-अलग स्थानों से मवेशियों को खरीदकर ला रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल डॉयल 112 को सूचना दी और आरोपियों को 03 नग मूक मवेशियों सहित पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार दोपहर 2 बजे पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी लकेश पिता अनिल खरोले (25 वर्ष), निवासी अर्जुननाला, योगराज पिता हंस लाल उइके (30 वर्ष), निवासी नांदी, हंसलाल पिता भोजू उइके (65 वर्ष), निवासी नांदी के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब ग्रामीणों ने आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से ग्राम पंचायत लोहमारा के सरपंच द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र मिला। इस प्रमाण पत्र में लिखा था कि आरोपी अनिल खरोले ने गुलाब पिता रामू हरदे (निवासी लोहमारा) से तीन मवेशी खरीदे हैं, जिनमें एक गाय और दो गोरी शामिल हैं। लेकिन जब गुलाब से इस संबंध में चर्चा की तो उसने साफ कहा कि उसने किसी को भी मवेशी नहीं बेचे। इससे स्पष्ट होता है कि लोहमारा सरपंच द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र जारी किया गया था। आरोपियों के पास दो मोटरसाइकिल भी थी।

इस पूरे घटनाक्रम में सेलवा के ग्रामीणों की सजगता और साहसिक कदम सबसे महत्वपूर्ण रहा। देर रात मवेशियों को हांकते हुए देखकर उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और आरोपियों को पकड़ लिया। यदि ग्रामीण समय रहते सतर्क न होते तो संभव था कि मवेशियों की तस्करी सफल हो जाती। वहीं इस घटना ने ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहे फर्जीवाड़े को भी उजागर किया है। लोहमारा सरपंच द्वारा जारी किया गया फर्जी प्रमाण पत्र यह दर्शाता है कि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत किस हद तक फैली हुई है। सवाल यह उठता है कि सरपंच ने बिना वास्तविक लेन-देन के प्रमाण पत्र क्यों जारी किया? क्या सरपंच स्वयं इस तस्करी में शामिल है या किसी दबाव में ऐसा किया गया?

## अटल पेंशन योजना में मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

# देश में तृतीय व प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा नई दिल्ली में आयोजित अटल पेंशन योजना वार्षिक अभिनंदन समारोह 2026 में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है। योजना के तहत तय लक्ष्यों को पूरा करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समूचे मध्यप्रदेश के सहकारिता क्षेत्र अपेक्स बैंक भोपाल, नाबार्ड सहित बालाघाट जिले के समस्त बैंक व सहकारी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन एवं टीम वर्क से मिला सर्वोच्च स्थान

राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने के बाद सीईओ श्री बघेल ने कहा कि इस सर्वोच्च सम्मान का श्रेय बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना को जाता है, जिनकी निरंतर मॉनिटरिंग, समय-समय पर दिए निर्देशों और कुशल मार्गदर्शन के चलते यह मुकाम हासिल किया है। श्री बघेल ने कहा कि श्री मीना कलेक्टर ने हमेशा हमें लक्ष्य से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही बैंक मुख्यालय के सभी अधिकारियों, शाखा प्रबंधको और जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की लगन और समय पर कार्य पूरा करने की प्रतिबद्धता की वजह से ही आज हम राष्ट्रीय पटल पर सम्मानित हुए है। श्री बघेल ने बताया कि अटल पेंशन योजना में लक्ष्य पूर्ति किये जाने पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट को देश में तृतीय स्थान एवं प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### नई दिल्ली में आयोजित हुआ गरिमामय समारोह

उल्लेखनिय है कि देश के नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 9 मई 2015 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कोलकाता में अटल पेंशन योजना की शुरूआत की गई थी। इसी कड़ी में वर्ष 2025-26 के दौरान देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एपीवाई सेवा प्रदाताओं, एसएलबीसी, बैंक शाखाओं और जिला प्रबंधको को सम्मानित करने के लिए 20 मई 2026 को नई दिल्ली में वार्षिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जहां अभिनव सिंह बघेल सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट को यह सम्मान सौंपा गया। श्री बघेल ने कहा कि भविष्य में भी जिला प्रशासन और बैंक की पूरी टीम का इसी तरह का सकारात्मक सहयोग बना रहेगा जिससे अमानतदारों और आम जनता की सेवा में बैंक नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। अटल पेंशन योजना में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर पी.जोशी प्रबंधक लेखा, अशोक भवरे, श्रीमती सीमा दुबे, सतीश कोरी, सारंग बिसेन, नेहा मण्डलोई, श्वेता दहले, रौनक चैकसे, रोशनी बिसेन, आशीष मिश्रा, ऋषि कुमार बिसेन,सुनील राहंगडाले, प्रकाश साहू, ऋषि हरिनखेड़े, मोरेश्वर फुण्डे, ज्ञानचंद नेवारे, जयकुमार नंदनवार, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, गिरीश हनवत, रत्घोष भूरे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, अनिरूद्ध वागदे, दीनदयाल ठाकरे, दिलीप रामटेके, श्रीमती भूमेश्वरी नागेश्वर, श्रीमती लता गौतम, अमरेश परिहार, नीरज बिसेन, आशीष खोब्रागढ़े आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 26 मई को निःशुल्क नेत्र रोग शिविर आयोजित होगा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में 26 मई 2026, मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित डीईआईसी केंद्र में निःशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह विशेष नेत्र रोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नागपुर एवं बालाघाट के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने अभिभावकों से अपील की है कि ऐसे सभी बच्चे जो जन्मजात मोतियाबिंद, आरओपी, भेंगापन या तिरछापन, टॉसिस, कॉर्निया एवं रेटिना संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, वे शिविर में पहुंचकर जांच एवं उपचार का लाभ लें। उन्होंने बताया कि मरीज अपने साथ पुरानी मेडिकल रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आएं। डॉ. परेश उपलप ने बताया कि शिविर के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक श्री राजाराम चक्रवर्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके अनुसार शिविर में आने वाले सभी बच्चों की जांच निःशुल्क की जाएगी।

## ग्रीष्मकालीन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच जारी, कई प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट द्वारा ग्रीष्मकालीन खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता की जांच तथा आम जनता को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लांजी, बालाघाट, खैरलांजी एवं भोरगढ़ क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

लांजी स्थित कृष्ण बीकानेर मिष्ठान भंडार, होटल शिवराज एवं होटल श्री नेवेध्यम की टीम द्वारा जांच की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों के किचन एवं परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। मौके पर विक्रय किए जा रहे लस्सी, छाछ एवं कोल्ड ड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए। जांच में सभी प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस उपलब्ध पाए गए तथा पूर्व में जारी सुधार नोटिसों पर आवश्यक कार्यवाही किया जाना भी पाया गया।

वहीं बालाघाट स्थित बॉम्बे जूस सेंटर की जांच कर मोसंबी एवं गन्ना रस के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए। इसी कड़ी में खैरलांजी एवं भोरगढ़ क्षेत्र में भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। भोरगढ़ स्थित कृष्णा किराना भंडार से अचार में प्रयुक्त राई दाल एवं जीरा के नमूने जांच हेतु लिए गए।

खैरलांजी स्थित भेरुनाथ कुल्फी एवं आइसक्रीम प्रतिष्ठान की जांच के दौरान लस्सी एवं बादाम शेक के नमूने एकत्र किए गए। जांच में यह पाया गया कि प्रतिष्ठान महाराष्ट्र से जारी खाद्य लाइसेंस पर व्यापार कर रहा था। इस पर विभाग द्वारा बिना वैध लाइसेंस के व्यापार संचालन का प्रकरण दर्ज किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा

**बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 22 मई को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न राजस्व कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को समयसीमा के भीतर प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम.आर. कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।**

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा की। कुछ तहसीलों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित नहीं रहना चाहिए। नक्शा तरमीम कार्य की समीक्षा के दौरान लालबर्रा एवं कटंगी तहसीलों की प्रगति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों का अद्यतन एवं शुद्ध होना प्रशासनिक व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा प्रकरणों तथा विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किए जाएं तथा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान परसवाड़ा तहसील में लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों से कहा कि लंबी अवधि से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

# भौरगढ़ में अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई, 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 21 मई 2026 को उपसंचालक (खनिज प्रशासन) सुश्री फरहत जहां के निर्देश पर तहसील खैरलांजी के ग्राम भौरगढ़ में संयुक्त रूप से आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार खैरलांजी, खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, नायब तहसीलदार डी.एल. परते तथा थाना खैरलांजी के पुलिस अमले ने ग्राम भौरगढ़ में मुख्य सड़क किनारे खनिज रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर जांच की। मौके पर लगभग 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का भंडारण पाया गया।

जांच के दौरान उपस्थित किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या मालिकाना हक प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके चलते प्रशासन ने रेत को लावारिस मानते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध जप्ती की कार्रवाई की।

जप्त की गई रेत को अन्य वाहनों की सहायता से थाना खैरलांजी लाकर सुरक्षार्थ पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। मामले में नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## ठेकेदार की मनमानी या विभागीय लापरवाही, वन अमले में चर्चा तेज

# एक साल पुराने प्रकरण में रेंजर पर निलंबन की कार्रवाई से उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।






दक्षिण सामान्य वन मंडल के अंतर्गत पूर्व में लांजी परिक्षेत्र में पदस्थ रहे रेंजर अभिषेक जाट के निलंबन के बाद वन विभाग के भीतर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस मामले को आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई है, वह अप्रैल 2025 का पुराना प्रकरण बताया जा रहा है। ऐसे में करीब एक वर्ष बाद अचानक निलंबन की कार्रवाई होने से विभागीय कार्यप्रणाली और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। वन अमले के कर्मचारियों का कहना है कि पूरे मामले में केवल रेंजर को जिम्मेदार ठहराना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता।

### जेसीबी जब्ती के साथ रॉयल्टी प्रकरण में भी हुई थी कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में चित्रकूट कन्स्ट्रक्शन द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान सुलसुली से बोदादलखा तथा बोदादलखा से धीरी मार्ग निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही एक जेसीबी मशीन को तत्कालीन रेंजर अभिषेक जाट द्वारा जब्त किया गया था। जिसके बाद जेसीबी मशीन को विभाग द्वारा राजसात की कार्यवाही भी की गई है। बताया जाता है कि मशीन के खिलाफ वन क्षेत्र में कार्य और अन्य नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की गई थी। वहीं मशीन मालिक और संबंधित पक्ष पर रॉयल्टी से जुड़े मामले में भी कार्रवाई दर्ज की गई थी। मामले की शिकायत सांसद प्रतिनिधि हीरालाल आसटकर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई गई। विभागीय सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक स्तर पर हुई जांच में शिकायतकर्ता पक्ष ने जांच पर संतुष्टि भी व्यक्त की थी।

### जांच प्रक्रिया और देरी को लेकर खड़े हुए सवाल

जानकारी के अनुसार मई 2025 में मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई थी, जिसमें वन विभाग उत्पादन शाखा के एसडीओ शिवप्रसाद जी सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया था। हालांकि जांच लंबे समय तक लंबित रही। बताया जा रहा है कि 23 दिसंबर 2025 को जांच दल द्वारा रेंजर और डिप्टी रेंजर की अनुपस्थिति में जांच की गई, जबकि बाद में 6 जनवरी को दोबारा जांच प्रक्रिया अपनाई गई। वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि यदि मामला गंभीर था तो तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की गई। वहीं निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की कथित मनमानी और वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। विभागीय हलकों में चर्चा है कि पूरे मामले में निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई कर जिम्मेदारी सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविक तथ्यों और प्रशासनिक भूमिका की निष्पक्ष जांच अभी भी आवश्यक है।

### अवैध गतिविधियों पर रखते थे कड़ी नजर

पूर्व लांजी परिक्षेत्र में पदस्थ रहे रेंजर अभिषेक जाट अपने कार्यकाल के दौरान अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के लिए पहचाने जाते थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार वे वन माफियाओं, अवैध लकड़ी कटाई, अवैध रेत उत्खनन, वन भूमि पर कब्जा तथा अवैध उत्खनन जैसे मामलों में सक्रियता के साथ कार्रवाई करते थे। बताया जाता है कि अपने कार्य के प्रति सजग रहते हुए उन्होंने कई मामलों में सख्ती दिखाई थी। क्षेत्रीय स्तर पर उनकी कार्यशैली को लेकर यह चर्चा भी रही कि वे नियमों के पालन को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करते थे और लगातार कार्रवाई करते रहे। फिर भी उन पर निलंबन की कार्यवाही होना समझ से परे है।

### इनका कहना है

रेंजर के द्वारा काफी अनियमितता बरती गई थी, सड़क निर्माण संबंधित काफी तथ्य विभाग से छिपाये गये थे, जानकारी मांगने पर भी जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई थी। जांच उपरांत उन्हें निलंबित किया गया है।

**गौरव चौधरी,**
**सीसीएफ बालाघाट**

# चलती ई-स्कूटी अचानक बनी 'आग का गोला'

### दो युवकों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के डेंजर रोड पर शुक्रवार शाम एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि बैटरी से धुआं निकलता देख चालक और उसका साथी समय रहते कूद गए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

भटेरा निवासी केशव साहू अपने साथी के साथ गर्रा स्थित चार्जिंग सेंटर से स्कूटी ठीक कराकर लौट रहे थे। केशव ने बताया कि उन्होंने पिछले साल दीपावली पर यह सेकंड हैंड स्कूटी खरीदी थी। चार्जिंग में आ रही समस्या को सुधरवाकर लौटते समय करीब 6 बजे डेंजर रोड पर बैटरी से धुआं निकलने लगा, जिसके कुछ ही पलों बाद आग धधक उठी।

पीड़ित केशव साहू ने बताया कि आग लगने से पहले ही उन्होंने खतरे को भांप लिया था। जैसे ही बैटरी से धुआं उठा, दोनों ने तुरंत वाहन खड़ा किया और दूर भाग गए। यदि वे वाहन रोकने में देरी करते, तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

सड़क के बीचों-बीच स्कूटी में लगी आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं करीब एक किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। सुरक्षा के लिहाज से सड़क के दोनों ओर वाहनों को रोक दिया गया, जिससे लगभग आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पूरी तरह जलने के बाद केवल स्कूटी का ढांचा ही शेष बचा। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच जिले में वाहनों में आग लगने की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में परसवाड़ा के खर्रा में भी एक एम्बुलेंस में आग लग गई थी, जिसमें महाराष्ट्र निवासी चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक तापमान और बैटरी ओवर हीटिंग ऐसे हादसों का मुख्य कारण हो सकते हैं।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com